हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


11 कुरूद क्षेत्र के अधिकांश गांवों में 1 नवंबर को ही मनेगी दीवाली





12 धनतेरस पर बाजार में जमकर बरसा धन









## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय विद्यालय में छुट्टियों की घोषणा

**धमतरी।** केन्द्रीय विद्यालय लोहरसी में छुट्टियों की घोषणा की गई है। 30 अक्टूबर को खेलकूद दिवस व 31 अक्टूबर को दिवाली के कारण अवकाश रहेगा। 1 नवम्बर को स्कूल लगेगा। 2 नवम्बर को गोवर्धन पूजा तथा 3 नवम्बर को रविवार के कारण अवकाश रहेगा।

### कोलियारी में सुआ नृत्य स्पर्धा 30 को

**अंवरी।** दीपावली के अवसर पर इस वर्ष भी वैभव लक्ष्मी युवा संगठन बाजार चौक एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम कोलियारी में माता लक्ष्मी की स्थापना व सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 3024, द्वितीय 2024, तृतीय 1024, चतुर्थ 724, पंचम पुरस्कार 524 रुपए रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में गिरधर, सूर्या, सत्या, गुलशन, पप्पू, परमेश्वर सहित समिति के सदस्य जुटे हैं। यह जानकारी रतन साहू ने दी है।

### अरौद में मातर मड़ई 3 नवम्बर को

**मगरलोड।** ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में इस वर्ष भी दीपावली, भाईदूज के बाद 3 नवंबर को ग्राम अरौद (मेघा) में मातर एवं मड़ई का आयोजन किया जाएगा। जय बजरंग अखाड़ा समिति हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन करेगी। मनोरंजन के लिए रात्रि में सोरीटोला (अंडी) राजनादगांव का अमीरी गरीबी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी समिति अध्यक्ष रिखी राम साहू ने दी है।

### श्रम पंजीयन शिविर 6 नवम्बर से

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर श्रम विभाग द्वारा जनपद पंचायत नगरी के दूरस्थ ग्राम पंचायतों में 6 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए श्रम पदाधिकारी द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 6 नवम्बर को अरसीकन्हार, 7 नवम्बर को तुमड़ीबहार, 11 नवम्बर को फरसगांव, 12 नवम्बर को खल्लारी, 20 नवम्बर को रिसगांव, 21 नवम्बर को भैंसामुड़ा, 25 नवम्बर को फरसियां, 2 दिसम्बर को केरेगांव और 3 दिसम्बर को बांसपानी में श्रम पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### सोनबती को मिली पांच लाख की बीमा राशि

**धमतरी।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत मत्स्यजीवियों का दुर्घटना बीमा के तहत निःशुल्क बीमा किया जाता है। सहायक संचालक, मछलीपालन विभाग ने बताया कि बीमित मत्स्यजीवियों की मृत्यु या स्थायी अपंगता होने पर 5 लाख रूपये, अस्थायी अपंगता पर ढाई लाख रूपये और चिकित्सा व्यय हेतु 25 हजार रूपये मुआवजा राशि देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में धमतरी विकासखण्ड के ग्राम उरपुटी के आदिवासी मछुआ सहकारी समिति के सक्रिय सदस्य ईश्वर की सर्पदंश से बीते 7 फरवरी को मृत्यु होने के फलस्वरूप उनकी पत्नी श्रीमती सोनबती को 5 लाख रूपये की बीमा राशि प्रदान की गई है।

पोर्टल में तकनीकी समस्या के चलते नहीं हो पा रहा पंजीयन

# वनाधिकार पट्टाधारी, डूब प्रभावित लीजधारी किसानों के पंजीयन में पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान खरीदी से पहले समस्या शुरू हो गई है। एकीकृत किसान पोर्टल में कई किसानों का पंजीयन कैरी फारवर्ड नहीं हो पा रहा है। इसमें डुबान क्षेत्र के लीजधारी किसान भी शामिल हैं। मंदिर, मस्जिद, ट्रस्ट, स्कूल आदि की जमीन का पंजीयन ही नहीं हो पा रहा है।

त्योहारी सीजन के बीच धान खरीदी की तैयारी चल रही है। इस साल 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू की जानी है। पिछले साल 61 लाख 7 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इस साल उससे ज्यादा 67 लाख 7 हजार 120 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य तय होने के बाद धान खरीदी शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार अब तक 1 लाख 22 हजार 26 किसानों का पंजीयन कैरी फारवर्ड हो चुका है। 5 हजार 212 किसानों का नया पंजीयन हुआ है। सोसाइटियों में तराजू बाट, मास्चर मशीन का सत्यापन हो चुका है। साफ सफाई भी लगभग पूरी हो चुकी है। उधर पोर्टल में समस्या के चलते कई किसान निराश हैं। पोर्टल में दिक्कतों के चलते उनका धान खरीदी के लिए पंजीयन नहीं हो पा रहा है। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने भी समस्या का समाधान करने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है लेकिन अब तक समस्या दूर नहीं हुई है।

### दूर नहीं हुई समस्या

पिछले साल धान खरीदी के लिए मंदिर, मस्जिद, ट्रस्ट, स्कूल आदि की जमीन का पंजीयन हुआ था। हालांकि उन्हें बोनस आदि की राशि की पात्रता नहीं थी। इस साल तो पंजीयन में ही समस्या आ रही है। ऐसे करीब 8 किसान हैं। इसी प्रकार राजस्व ग्राम के वनाधिकारी मान्यता पत्र धारक किसानों का पंजीयन पिछले साल हुआ था। इस साल उनका पंजीयन कैरी फारवर्ड नहीं हो रहा है। कई किसानों की भूमि की जानकारी प्रदर्शित नहीं हो रही है। परियोजना प्रशासकों से प्राप्त कृषकों का पंजीयन भी कैरी फारवर्ड नहीं हो रहा है। कई पूर्व किसानों का खसरा अमान्य प्रदर्शित हो रहा है।



फाइल फोटो

### डूब प्रभावित किसानों की बढ़ी मुसीबत

गंगरेल, माड़मसिल्ली, दुधावा बांध में बड़ा क्षेत्रफल डूब में आया है। यहां की जमीन अब वन विभाग के अधिकार में है। डूब में आने के बाद भी अभी बांध किनारे काफी जमीन खेती के लायक है। इस जमीन को सिंचाई विभाग द्वारा किसानों को लीज में दिया जाता है और लीज में लेकर किसान यहां पर खेती करते हैं। काफी संघर्ष के बाद इन किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने का अधिकार मिला। पिछली धान खरीदी में उनका पंजीयन हुआ था। इस साल किसानों के पंजीयन के लिए आप्शन ही प्रदर्शित नहीं हो रहा है।

### टोकन के इंतजार में किसान

दिवाली से पहले ही धान की कटाई मिंजाई शुरू हो गई है। जिले में 5 प्रतिशत से ज्यादा किसान धान की कटाई मिंजाई कर चुके हैं। दिवाली त्योहार के बाद कटाई मिंजाई में और तेजी आएगी। ऐसे में किसान धान बेचने के लिए टोकन मिलने का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक टोकन काटने के लिए शासन से किसी प्रकार का आदेश नहीं आया है और न ही इसके लिए पोर्टल शुरू किया गया है। सोसाइटियों में ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों सिस्टम से टोकन जारी किया जाता है। न तो ऑन लाइन टोकन दिया जा रहा है और न ही ऑफलाइन।

# दो बाइक में भिड़ंत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाईवे से गुजर रही दो बाइक में भिड़ंत हो गई। इस घटना में एक युवती सहित तीन लोग घायल हो गए।

- काली मंदिर के पास हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रही दो बाइक में सोरिद काली मंदिर के पास जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में पूनम देवांगन उम्र 19 वर्ष हटकेशर निवासी, विरेन्द्र सोनकर 22 वर्ष आमातालाब रोड निवासी सहित एक अन्य युवक घायल हो गए। घटना में युवती को गंभीर चोट लगी है। वहीं युवकों को मामूली चोट आई है। पेट्रोलिंग पर निकली क्विक रिस्पांस की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर युवक-युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। घायल युवती को वार्ड में भर्ती किया गया है। वहीं घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। डाक्टर उत्कर्ष नंदा ने मीडिया को बताया कि सोमवार की रात्रि 10 साल की पूनम देवांगन एक्सीडेंट के बाद जिला अस्पताल में भर्ती हुई है। सिर पर चोट लगी है। मरीज की कंडीशन अभी स्थिर है। सिटी स्कैन करा रहे हैं। रिपोर्ट देखने के बाद उचित उपचार किया जाएगा।



### सड़क हादसे में युवक की मौत

**धमतरी।** मानसिक रूप से कमजोर युवक को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में युवक की मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई नंदकुमार यादव ने अस्पताल चौकी पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसके छोटे भाई गणेश यादव पिता नारायण की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके कारण वह इधर-उधर घूमता रहता था। युवक 26 अक्टूबर की दोपहर घर से निकला था, जो घूमते हुए बठेना की तरफ चला गया। 27 अक्टूबर की शाम उसे सूचना मिली कि गणेश को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी है। पड़ोसी धनराज साहू के साथ घटनास्थल पहुंचा तो वहां पर गणेश बेहोश पड़ा हुआ था, जिसे संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर बाद उसकी मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# कबाड़ी दुकान में लगी आग 40 हजार का सामान खाक

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के समीपस्थ ग्राम कोलियारी में निसार खान की कबाड़ी की दुकान में किसी असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। इसकी खबर दुकान मालिक को सुबह 7 बजे मिली तो वे तत्काल दुकान पहुंचकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने घटनास्थल पहुंचकर पानी के फौव्वारे से आग को बुझाया। गनीमत है कि आग ज्यादा नहीं फैली हुई थी। जरा सी देर होने पर दुकान के बाहर रखे सामान जलकर स्वाहा हो जाता। दुकान संचालक निसार खान ने बताया कि उनकी दुकान में प्लास्टिक के टुकड़े, खराब टायर, टूटी कुर्सी, प्लास्टिक की पुराने टेबल, प्लास्टिक के डिब्बे आदि सामान रखा हुआ था। प्लास्टिक आयटम होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। दुकान में लाखों रूपये का कबाड़ी सामान है। आग से लगभग 40 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। इसकी सूचना पुलिस थाने में दे दी गई है।




# पिंजरे में कैद हुआ खूंखार तेंदुआ

- तीन महीने में गांव के कई पालतू जानवरों को बनाया था अपना निवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम अरसीकन्हार में एक खूंखार तेंदुआ वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। यह तेंदुआ पिछले कई महीने से मवेशियों पर हमला कर रहा था और ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ था। मामला सीतानदी-उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र के अरसीकन्हार रेंज का है। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया था। इससे पहले शिकारियों के फंदे में फंसाने का प्रयास किया गया। फंदे में फंसा तेन्दुआ छूटकर जंगल की ओर भाग गया था। उसके बाद कई पालतू पशुओं का शिकार किया था। उसके बाद जंगल में कैमरा में लगाकर देखा गया। यह तेंदुआ अब तक कई मवेशी व कुत्ते को शिकार बना चुका है।



# एक नवंबर से धान खरीदी की मांग उठी

- छग किसान यूनियन ने चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, देवनारायण साहू, जितेंद्र कुमार, प्रेमलाल साहू, पूरनलाल, हनुमान सिन्हा, सुदर्शन ठाकुर ने कहा कि गत वर्ष धान खरीदी 1 नवंबर से शुरु हुई थी। इस साल समय 14 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। अर्ली वैरायटी के धान की कटाई शुरु हो गई है। किसानों के पास धान को सुरक्षित रखने की व्यवस्था नहीं है। दीपावली में पैसे की आवश्यकता होने से किसानों को औने-पौने दाम पर धान बेचना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए 1 नवंबर से धान खरीदी कार्य शुरु करने की मांग की है। यूनियन ने गेहूं तथा दलहन तिलहन को समर्थन मूल्य पर खरीदने, धान की 3100 रुपए प्रति क्विंटल की राशि में केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई समर्थन मूल्य की राशि को जोड़कर देने तथा पिछली सरकार में 2500 रुपए में खरीदे गए धान के बोनस को दीपावली त्योहार में दिए जाने की मांग की है।



# हनुमान जी की प्रतिमा तोड़ी बजरंगियों में उपजा आक्रोश







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छिपली मार्ग में हनुमान मंदिर की प्रतिमा को तोड़कर अवांछित तत्वों ने सड़क पर फेंक दिया था। बजरंग दल ने इस पर नाराजगी जताते हुए अवांछित तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को बजरंग दल के सदस्य कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि नगरी विकासखंड में छिपली मार्ग में नहर किनारे हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। कुछ अज्ञात उपद्रवियों ने हनुमान जी की प्रतिमा को तोड़कर सड़क में फेंक दिया था। इससे हिन्दुओं की आस्था को ठेस लगी है। उन्होंने शीघ्र ही आरोपियों को ट्रेस कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस ने आरोपियों को छपरा बिहार से पकड़ कर धमतरी लाया

# ई-व्हीकल्स की डीलरशिप देने 36 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हरियाणा की ई-व्हीकल्स कंपनी की डीलरशिप देने के नाम पर व्यवसायी से 36 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने छपरा बिहार से प्रोटेक्शन रिमांड पर लाकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार निशित पटेल पिता विपिन उम्र 40 वर्ष बस्तर रोड धमतरी निवासी से 14 अप्रैल 2023 को सिलवेल लाइन पावर स्टेशन प्राइवेट लिमिटेड ई-व्हीकल्स निर्माता कंपनी सोनीपत हरियाणा के डायरेक्टर सत्यानंद पाणीग्रही, सह डायरेक्टर रजनीकांत लंका एवं मैनेजर शुभम शर्मा ने अपने क्षेत्रीय कर्मचारियों को मिलने के लिए भेजा। जहां निशित को जिला धमतरी के लिए ई-व्हीकल्स की डिस्ट्रीब्यूटरशीप देने का प्रलोभन देकर एग्रीमेंट, अथराईज्ड डिस्ट्रीब्यूटर सर्टिफिकेट, इनवाईस लेटर एवं अन्य दस्तावेज के माध्यम से विश्वास दिलाकर अपनी कंपनी के यूनियन बैंक के खाते में चेक व आरटीजीएस चेक के माध्यम से कुल 36 लाख 1 हजार की राशि अमानत के तौर पर प्राप्त कर धोखाधड़ी की गई। पीड़ित की लिखित शिकायत पर 8 जनवरी 2024 को आरोपी डायरेक्टर सत्यानंद पाणीग्रही, सह डायरेक्टर रजनीकांत लंका व मैनेजर शुभम शर्मा सभी सिलवेल लाइन सोनीपत हरियाणा के कर्मचारी के खिलाफ सिटी कोतवाली में धारा 420, 426, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली के एसआई विनोद शर्मा, आरक्षक मिथिलेश तिवारी, सुरेन्द्र डड़सेना व खेमलाल यादव का सराहनीय योगदान रहा।

### छपरा बिहार की जेल में थे आरोपी

पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान आरोपियों को छपरा बिहार के जिला जेल में होने की जानकारी मिली। उक्त आरोपियों को प्रकरण में संलिप्तता पाए जाने पर 28 अक्टूबर को न्यायालय से प्रोटेक्शन वारंट के जरिए उपस्थित किया गया। प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई के लिए आरोपियों की औपचारिक गिरफ्तारी की अनुमति प्राप्त कर आरोपी सत्यानंद पाणीग्रही पिता भागीरथी उम्र 49 वर्ष निवासी गोरेगांव ईस्ट मुंबई व शुभम शर्मा पिता कृष्ण कुमार 41 वर्ष डीपूगढ़ निवासी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त आरोपियों को झारखण्ड से गिरफ्तार किया गया। कई राज्यों में धोखाधड़ी के अपराध में आरोपियों की संलिप्तता है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### अग्निवीर शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 4 नवम्बर से

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 4 नवम्बर से आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जो अप्रैल 2024 में थल सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में सफल हुए हैं, उन्हें यह निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। थल सेना भर्ती कार्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने वाले आवेदक इस प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। इस शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक आवेदक लिंक के माध्यम से प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते हैं। जो आवेदकफॉर्म भरेंगे, उन्हें 4 नवम्बर को शारीरिक मापदण्ड के परीक्षण हेतु सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र की छायाप्रति एवं आवेदन पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, धमतरी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

प्रेसवार्ता आयोजित कर कांग्रेसियों के आरोपों पर भाजपा ने किया पलटवार

# क्षेत्र का विकास विधायक अजय की देन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

कुछ दिनों पहले कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कुरूद में हो रहे अवैध कार्यों के खिलाफ मौन धरना प्रदर्शन पर प्रेस वार्ता ली थी। इसके विरोध में भखारा कांग्रेस कमेटी ने राजीव भवन में प्रेसवार्ता कर विधायक चंद्राकर पर आरोपों की घेराबंदी की थी। इसके जवाब में भाजपा मंडल ने भखारा भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कांग्रेसियों द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामगोपाल देवांगन ने प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेसियों द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि खुद के दम पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद कांग्रेसी अपने प्रभाव से नगर के लिए एक ईंट तक नहीं ला सके।




नगर पंचायत भखारा में अभी तक जो भी विकास कार्य हुए हैं, वह सभी अजय चंद्राकर की देन है। विधायक चंद्राकर की दूरदर्शिता से शिक्षा के क्षेत्र में भखारा की विशेष पहचान बनी है। यहां पीजी कॉलेज, आईटीआई जैसे संस्थान खुले हैं। युवाओं को हुनरमंद बनाने बहुत जल्द भखारा में लाइवलीहुड कॉलेज भी खुलने वाला है।नगर में नलजल योजनाओं का विस्तार करने के लिए करोड़ों की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनवाया गया है। युवाओं की खेल प्रतिभा को तराशने के लिए स्टेडियम, हॉस्पिटल, उच्चस्तरीय पुल पुलियों का निर्माण करवाया है।

मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन, आनंद यदु, मंडल अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू मंडल प्रभारी, रोशन केला, भारती साहू, कृष्णा साहू, ईश्वर साहू, ओमकुमारी, उमेश सोनवानी, झम्मन साहू, पूरन दीवान, गौतम जैन ,युवराज सोन, गिरिराज सोन, जितेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, रामकृष्ण नेताम, विष्णु साहू, अभिषेक राव शिंदे, धनुष देवांगन उपस्थित थे।

### षडयंत्रपूर्वक छोड़ी बाजार की जमीन

खसरा नंबर 675/2 बाजार की जमीन खरीदी बिक्री के बड़े आरोप का खंडन करते हुए कहा कि यह खरीदी- बिक्री नगर में कांग्रेस की सत्ता रहने के दरम्यान हुई है। यह प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अधोसंरचना मद से प्राइवेट कॉलेज की बाउंड्री निर्माण पर कहा कि जब भखारा में सरकारी महाविद्यालय नहीं था तब छत्तीसगढ़ महतारी कॉलेज ने क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखकर नगर पंचायत द्वारा अहाता का निर्माण किया गया है जिस पर कांग्रेसी सियासत कर रहे हैं। विधायक चंद्राकर द्वारा बाईपास निर्माण में रुचि नहीं लेने के आरोप पर पलटवार करते हुए भाजपाइयों ने कहा कि विधायक चंद्राकर के कार्यकाल में बाईपास स्वीकृत हुआ है। बाईपास निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा था।

### अतिक्रमण हटवाना प्रशासनिक कार्रवाई

कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में नगर की मौजूदा सरकार को अतिक्रमण पर घेरने का प्रयास किया था। इस पर पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन ने कहा है कि अतिक्रमण हटवाने की सूचना हमें भी उसी दिन प्राप्त हुई। यह एक प्रशानिक कार्रवाई है। निकाय क्षेत्र में नगरपालिका अधिनियम में संशोधन करते हुए अब नगर निकाय क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी को विशेषाधिकार दिया गया है।

### क्षेत्र के विकास में कोई भेदभाव नहीं

पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन ने पूर्व विधायक लेखराम साहू पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के एक्सीडेंटल विधायक ने तो अपने गांव की भी सड़क नहीं बनवा पाए थे। उन्हें भी विधायक अजय चंद्राकर ने बनवाया है। सिलौटी में कॉलेज भी खोला। अजय चंद्राकर ने कभी भी विकास कार्यों में भेदभाव नहीं किया है।

### नजूल पट्टा की प्रक्रिया जारी

श्री देवांगन ने कहा कि भखारा में अधिकांश जमीन शासकीय है, जिससे नगरवासियों को तकलीफों का सामना करना पड़ता है। नगरवासियों को नजूल जमीन का पट्टा दिलाने के लिए शासन से मांग की गई है। नजूल पट्टा की प्रक्रिया जारी है।

# मूर्तिकार दे रहे मां लक्ष्मी की प्रतिमा को अंतिम रूप





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

क्षेत्र के मूर्तिकारों ने अपने कार्य की गति तेज कर ली है। माता लक्ष्मी की मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। विधि-विधान से इसकी स्थापना 31 अक्टूबर को की जायेगी। कहीं- कहीं पर 1 नवंबर को भी माता लक्ष्मी की मूर्ति विराजित की जाएगी। सिर्री क्षेत्र के गांवों में लक्ष्मी उत्सव समितियों द्वारा मंच सज्जा का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। ग्राम नारी के मूर्तिकारों द्वारा दर्जनों मूर्तियां बनाकर उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। नारी के मूर्तिकार दिलीप चक्रधारी ने बताया कि उनके यहां मूर्ति बनाने का काम 4 पीढ़ियों से चली आ रहा है। इसमें पूरा परिवार सहयोग करता है। इस बार 4 से 8 फीट तक की 22 मूर्तियों को आकार दिया गया है। इसके दाम लगभग 4000 से लेकर 8500 रुपए तक है। क्षेत्र के मूर्तिकार दिलीप चक्रधारी, हरिश्चंद्र चक्रधारी, टिकेश्वर चक्रधारी, विकास चक्रधारी, मिथिलेश चक्रधारी माता लक्ष्मी की मूर्ति को अंतिम रूप देने लगे हुए हैं।

## निधन

### रायपुरहीन बाई

अंवरी। ग्राम अंवरी निवासी जयराम गायकवाड़ की पत्नी रायपुरहीन बाई का आकस्मिक निधन 28 अक्टूबर को हो गया। वे अपना भरापूरा परिवार छोड़कर चली गई। वे सुनील कुमार एवं तुकेश कुमार की मां थी। उनकी अंत्येष्टि गृहग्राम के शांतिघाट में हुई। इस अवसर पर परिवारजन, समाजजन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



पूर्व विधायक रंजना साहू एवं कलेक्टर नम्रता गांधी ने एकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी

# एकता का संदेश देने दौड़ा धमतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रदेश सहित जिले में भी रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया। गांधी मैदान से शुरू हुई इस दौड़ को पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू और कलेक्टर नम्रता गांधी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ सदर बाजार होते हुए घड़ी चौक में सम्पन्न हुई। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने एकता में बल के नारे के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं ने एक साथ दौड़कर एकता का संदेश दिया। इसके साथ सभी विकासखण्डों में भी लोगों ने एकता की दौड़ लगाई। एकता की शपथ भी ली।




पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना ही नहीं, बल्कि लोगों में राष्ट्रीय भावना और एकता का भाव जगाना है। हम सभी इस दौड़ में शामिल होकर सरदार वल्लभभाई पटेल के सपनों का भारत बनाने के लिए संकल्प लें।


कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। साथ ही यह अपने देश की विविधताओं में एकता के महत्व को समझाता है। सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। कालेज और स्कूल के विद्यार्थियों ने एकता और अखंडता के महत्व को समझते हुए दौड़ में उत्साह से हिस्सा लिया।

# हिंदू जागरण मंच ने ली युवाओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

हिंदू जागरण मंच धमतरी द्वारा लगातार हिंदू समाज को जागृत, संगठित, सक्रिय करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंच के संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक पुरुषोत्तम निषाद, प्रतीक सोनी, युवा आयाम एवं प्रचार आयाम आशीष शर्मा, जिला दायित्व एलके साहू, भोला राम साहू, सौरभ मिश्रा, कुमार सिन्हा, सुनील सोलंके, चंद्रकला साहू ने ग्राम मेघा में पहुंचकर हिंदू जागरण मंच के प्रमुख उद्देश्यों को युवा बंधुओं के बीच रखा तथा समाज से आग्रह किया कि हम सभी को एकजुट होकर अपने धर्म को मजबूत करना चाहिए। कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए। मौके पर पुरूषोतम पटेल, मिथिलेश साहू, केवल साहू, धात्री निषाद, नीलम निषाद, डोमेंद्र सिन्हा, देव निषाद को ग्राम मेघा की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर अशोक साहू, कृष्णा कुमार साहू, शिवनंदन पटेल समेत अन्य युवा उपस्थित थे ।





# प्राचीन श्रीराम मंदिर में 31 को मनेगी दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर में दीपोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। राम मंदिर में 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व दीपोत्सव के साथ रामजी की पूजा अर्चना कर मनाया जाएगा तथा 1 नवम्बर को गोवर्धन पूजा अन्नकूट मनाया जाएगा।

कुरूद नगर के प्राचीन राम मंदिर के पुरोहित अखिलेश दास वैष्णव ने बताया कि इस वर्ष 31 अक्टूबर को प्राचीन श्री राम मंदिर में दीपोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए प्रभु राम के का दरबार को विशेष रूप से सजाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि दीपोत्सव उत्सव के दिन राम जी की विशेष पूजा-अर्चना भी की जाएगी। गोवर्धन पूजा और अन्नकूट पर्व एक नवंबर को मनाया जाएगा। भगवान के अन्नकूट का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा।

# मगरलोड में अहिल्याबाई होल्कर खंड समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती मनाई गई। पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के तैलचित्र की पूजा-अर्चना की गई। समिति के जिला कार्यकारिणी सदस्य भागीरथी सोनकर एवं कीर्तिलता साहू ने अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन, समाज सेवा एवं समाज में उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों के बारे में बताया।

इसके पश्चात मगरलोड खंड में विभिन्न स्थानों पर इनकी जन्म जयंती एवं उनके सद्गुणों के प्रचार प्रसार के लिए समिति गठित की गई। सर्व सम्मति से अध्यक्ष रुपेश सोनी, उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता, सचिव लक्ष्मी पांडे मनोनीत किये गये। कार्यकारिणी सदस्यों में राजू साहू, चंद्रहास साहू, कंवल साहू, भारती मानिकपुरी, कोमल सिंह साहू, दिलीप पाटकर, गोपेश राव, तेजराम पटेल, विद्या यादव, राही पाटकर, जुगमती ध्रुव, महेंद्र सिन्हा, शिव शंकर साहू, अमित मेश्राम, नवीन बागड़े, वीपी चंद्रा, रविकुमार, लक्ष्मी पांडे, कामता प्रसाद, उमाशंकर साहू सहदेव निषाद, छगन विश्वकर्मा, डोमेश, अनीता गौर, खेमचंद साहू, राधेलाल साहू, वीरेंद्र साहू, टिकेश्वरी साहू, माधुरी गुप्ता, युवराज साहू, पुरुषोत्तम पटेल, छगन साहू, मनीषा चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर शामिल हैं। समिति गठन के पश्चात सदस्यों ने पूरे मगरलोड विकासखंड को 8 उपखंड में बांटकर युवाओं और विद्यार्थियों के बीच अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती एवं गौरव गाथा के व्याख्यान की रूपरेखा बनाई गई।




इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह राहुल जैन, खंड कार्यवाह कुमलेश कुमार साहू, सह कार्यवाह अशोक साहू, पंच राम सोनकर, डुगेश साहू, केमेश साहू, चोवाराम निषाद, डुगेश साहू उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

आप सभी को
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
नई साज-सज्जा के साथ
संगम
लेडिस वियर । मेन्स वियर । किड्स वियर
शुटिंग । शर्टिंग । घाघरा चुनरी । सलवार सूट । कुर्ती
एवं फेंसी व आधुनिक वस्त्रों के विक्रेता



गोल बाजार के सामने, मेन रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. 81207-25552

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा



हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

पंडितों के तर्क के आगे कृषि आधारित जीवन शैली ग्रामीणों की पहली प्राथमिकता

# क्षेत्र के अधिकांश गांवों में 1 नवंबर को ही मनेगी दीवाली

यशवंत गंजीर ▶▶ कुरूद

इस बार कार्तिक मास के अमावस दो दिन होने के कारण दिवाली मनाने की तिथि को लेकर जहां असमंजस की स्थिति है वहीं कुरुद-भखारा अंचल के अधिकांश गांवों में देश-दुनिया के विद्वान पंडितों के तर्क को नजरअंदाज करते हुए अपनी कृषि आधारित जीवनशैली को पहली प्राथमिकता देते हुए 1 नवंबर को ही लक्ष्मी पूजा के साथ दिवाली मनाने की मुनादी कराई गई है।

मंगलवार को कुरुद नगर सहित क्षेत्र के अधिकांश गांवों में भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के साथ अपने-अपने घरों में मिट्टी के 13 दीप जलाकर धनतेरस का त्योहार मनाया गया। लेकिन अब लक्ष्मी पूजा के साथ दिवाली व उसके बाद गोवर्धन पूजा का पर्व मनाने अपनी-अपनी ग्रामीण व्यवस्था के चलते अलग-अलग तिथि में दिवाली मनाने का निर्णय किया है। इस असमंजस की तिथि को लेकर जब हमने क्षेत्र के गांवों में संपर्क स्थापित किया तो कहीं 31 अक्टूबर तो अधिकांश गांवों में 1 नम्बर को ही दीपावली मनाने की बात सामने आई है। कुरुद निवासी श्रवण साहू, क्षितिज साहू व इर्रा निवासी भावसिंग साहू ने 31 को दिवाली मनाने की बात कही तो वहीं ग्राम जोरातराई के हेमंत साहू, सिलौटी के श्यामू साहू, खपरी से शेखर, जुगदेही से महेंद्र साहू, महेश साहू चर्रा, खैरा से योगेश्वर साहू, मोंगरा से मनोज साहू, टिपानी से अभिषेक साहू, दर्री से कमल, गातापार से दुर्गेश साहू सहित सैकड़ों गांवों के लोगों ने बताया कि उसके गांव में 1 नवंबर को ही दिवाली मनाने की मुनादी हुई है। पूछने पर बताया कि हमारे गांव के पुरोहित ने इसी दिन मनाने को कहा है। वहीं कुछ गांवों में 31 अक्टूबर को ही पंचांग शास्त्रों के अनुसार दीपावली मनाई जाएगी। वैसे सभी गांवों में 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा की जाने की जानकारी मिली है।



### लगातार त्योहार मनाने में ज्यादा आनंद आता है

दिवाली उत्सव को लेकर लगातार 15 दिनों से घरों की साफ-सफाई लिपाई पुताई कार्य में जुटे गृहणी पुष्पलता साहू सांकरा, सविता गंजीर, गीतेश्वरी साहू जोरातराई, संतोषी साहू, उर्वशी साहू पचपेड़ी, लक्ष्मी बाई जुगदेही ने कहा है कि हिन्दू त्योहार को लेकर हमारे पंडितों में एकमत नहीं होते है। सभी अपने अपने शास्त्र प्रमाण बताकर त्योहारों की तिथि को लेकर विरोधाभास उतपन्न कर देते हैं जिसके कारण हम हमेशा असमंजस में रहकर त्योहार मनाते हैं। इस बार भी दिवाली को लेकर दो दिन की तिथि बताई जा रही है। लेकिन अब तक दिवाली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा मनाते आये हैं। इस बार भी वैसे ही मनाएंगे। लगातार दो दिन त्योहार मनाने में आनंद ज्यादा आता है।



### हरिभूमि ने विद्वानों से की थी रायशुमारी, 31 को मान्य

पंचांग में अलग-अलग तारीखों के कारण दीपावली त्योहार में संशय की स्थिति निर्मित होने और इस संशय को दूर करने के लिए हरिभूमि ने प्रदेश के प्रमुख पुजारियों से पूछा कि दीपावली कब मनाएं। देवी मंदिरों के पुजारियों ने स्पष्ट किया है कि 31 अक्टूबर को अमावस्या शुरू हो जाएगी और इस दिन ही लक्ष्मी पूजन का विशेष मुहूर्त है। पुजारियों ने यह भी कहा कि लक्ष्मी पूजन शाम से देर रात्रि तक किया जाता है। एक नवंबर को शाम पांच बजे के बाद प्रतिपदा लग जाएगी इसलिए दीपोत्सव पर्व 31 अक्टूबर को ही मान्य होगा।

### धान की कटाई-मिंजाई शुरू होना भी बड़ा कारण

1 नवंबर को लक्ष्मी पूजा मनाने की मुनादी कराने के संदर्भ में ग्रामीण अध्यक्ष यीशु साहू, कृषक भोला राम साहू, शिक्षक लोमश साहू, सोभाऊ राम सौराबांधा का कहना है कि ग्रामीण कृषि आधारित होते हैं। धान की बुआई से लेकर कटाई मिंजाई तक फसल की सेवा करना ही किसानों की असली पूजा होती है। चूंकि गांवों में धान कटाई-मिंजाई का कार्य शुरू हो गया है ऐसे में बदलते मौसम को देखते हुए किसानों के लिए पल-पल कीमती रहता है। अतएव अगर 31 को दीवाली मनाते हैं तो एक दिन गेप होने के बाद गोवर्धन पूजा करना उन्हें समय जाया करना लगा है। इसलिए लगातार 1 को लक्ष्मी पूजा के बाद 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा मनाने का निर्णय लेकी गांवों में मुनादी करा दी गई है।


# जनप्रतिनिधि, कर्मचारियों ने ली एकता की शपथ

**नगरी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर बजरंग चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय एकता अखंडता को बनाए रखने के साथ उसके बताए मार्ग पर चलने की शपथ ली गई।




मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, महामंत्री कमल डागा, महामंत्री हृदय साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, सरपंच महेद्र नेताम, एसडीएम विभोर अग्रवाल, तहसीलदार तेजपाल सिंह ध्रुव, जनपद पंचायत नगरी सीईओ वीके साहू, प्राचार्य एस.के प्रजापति, बीआरसी नगरी आरएल साहू, समन्वयक लोचन साहू, उमेश सोम, गिरधारी साहू, एबीईओ माहेश्वरी ध्रुव समेत अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे। सभी ने पटेल के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। दौड़ का आयोजन हुआ।

# धान विक्रय पंजीयन से वंचित किसान ने कलेक्टर से लगाई गुहार



■ कलेक्टर ने पंजीयन सर्वे लिस्ट में नाम जोड़ने के दिए निर्देश

**धमतरी।** मोंगरागहन सोसाइटी में धान बिक्री के लिए पंजीयन लिस्ट में नाम जोड़ने की मांग कलेक्टर से की गई है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने संबंधित अधिकारी को फोनकर नाम जोड़ने के निर्देश दिए। मराठापारा निवासी सचिन जाचक ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि गंगरेल डुबान क्षेत्र के ग्राम बारगरी में खसरा नंबर 11 रकबा 1.19 हेक्टेयर जमीन का शासकीय पट्टा जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदान किया गया है। जिस पर काश्तकार फसल अर्जित करते आ रहे हैं। जल संसाधन विभाग के निर्देशन पर अमीन पटवारी द्वारा सोसाइटी में धान बिक्री के लिए पंजीयन लिस्ट तैयार की गई है। सचिन जाचक ने आगे कहा कि वह धमतरी में निवास करता है। अमीन पटवारी से संपर्क करने पर लिस्ट में उसका नाम नहीं होने तथा पंजीयन सूची सोसाइटी में जमा करने की जानकारी दी गई। सर्वे के दौरान उसे किसी प्रकार की सूचना नहीं मिलने तथा पंजीयन सूची में नाम दर्ज नहीं होने पर वे समर्थन मूल्य पर धान बिक्री से वंचित हो जायेंगे। सर्वे लिस्ट में नाम जोड़ने की मांग पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन कर पंजीयन करने के निर्देश दिए।

# राम मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य जारी



**धमतरी।** किले के श्री रामचंद्र मंदिर इतवारी बाजार का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। अगर कोई भी धर्मप्रेमी, समाजसेवी गणमान्य नागरिक राम मंदिर कार्य में सहयोग करना चाहते हैं तो उनके लिए कार्यालय में बैठक व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह कृदत्त, महासचिव सूरज तिवारी, ट्रस्टी मीडिया प्रभारी विक्रांत शर्मा कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपस्थित रहेंगे।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130






## सोना, चांदी, बर्तन, कपड़ा, इलेक्ट्रिक, जनरल दुकान से हुई बम्पर खरीदी

# धनतेरस पर बाजार में जमकर बरसा धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

धनतेरस पर मंगलवार को बाजार गुलजार रहा। सुबह से लेकर देर रात तक उमड़ी लोगों की भीड़ ने व्यापारियों को गदगद कर दिया। खरीदारी के लिए उमड़े लोगों ने सोना, चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल, मोबाइल एसेसरीज, कपड़ा, मनिहारी, सजावटी आयटम, वाहन आदि की जमकर खरीदी की। व्यापारियों की माने तो इस दिन 100-150 करोड़ का व्यापार हुआ। इस बार पिछले कई वर्षों के रिकार्ड टूटते नजर आए। सर्वाधिक जोर वाहन और महंगे आभूषणों की खरीदी पर रहा। एक अकेले सराफा बाजार में 50 से 60 करोड़ का व्यापार हुआ है। वहीं वाहनों की बात करें तो 80 से 100 करोड़ की खरीदारी शुभ मुहूर्त पर हुई।



सराफा व्यापारी ललित बरड़िया, स्वरूपचंद जैन, ज्ञानचंद लुनावत ने बताया कि लोगों ने धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर सोने चांदी के आभूषण, सिक्का, बिस्किट आदि की खरीदी की। बाइक शो रूम के संचालक अमित जैन ने बताया कि आटोमोबाइल के क्षेत्र में लोगों ने बाइक, स्कूटी, ई-स्कूटी सहित चारपहिया वाहन की खरीदी की। घड़ी चौक के व्यापारी यश मोटवानी, नीरज गुप्ता, सुभाष गुप्ता, हक्कू नोतवानी ने बताया कि घड़ी चौक व्यापार का प्रमुख केन्द्र है। यहां हर फेस्टिवल पर रस रहता है। खरीदारी करने आए लोगों को इस चौक में सभी प्रकार के सामान मिल जाते हैं। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने सभी आयटमों की जमकर खरीदी की। इनका मानना है कि मोबाइल, लैपटाप, बर्तन गिफ्ट आयटम, जनरल स्टोर्स, मनिहारी, सजावटी सामान, इलेक्ट्रिक बाजार में 40 से 50 करोड़ रूपये का व्यापार रहा। गत वर्ष की अपेक्षा व्यापार अच्छा रहा। सभी दुकानें ग्राहकों से भरी हुई थीं। अच्छा व्यापार होने से व्यापारी वर्ग भी गदगद है।

### स्कीम का फायदा उठाया

दीपावली के मौके पर बाजार की सभी दुकानों में विशेष छूट, कूपन का बोर्ड चस्पा किया हुआ है। कुछ दुकानदार 20 से 30 प्रतिशत का डिस्काउंट दे रहे हैं तो कोई स्क्रेच कूपन का आफर दे रहा है। छूट का फायदा ग्राहकों ने खूब उठाया। इसके अलावा अच्छी बिक्री की आस में व्यापारियों ने सामानों के रेट भी कम कर दिए हैं। अन्य दिनों की अपेक्षा रेट कम होने से लोगों ने खूब खरीदारी की।

### नया सामान व बर्तन खरीदने का रिवाज

खरीदारी करने पहुंचे दंपति मनोज शर्मा, लता वर्मा, धीरेन्द्र साहू, कोमल साहू आदि ने कहा कि धनतेरस से ही दीपावली पर्व की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन नया सामान सहित सोना चांदी बर्तन आदि खरीदने का रिवाज है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी करने से शुभ फल की प्राप्ति होती हैं। गांवों के 75 प्रतिशत लोग खरीदी करने शहर पहुंचे थे।

## मिशन मैदान में लगी पटाखा दुकान, ग्राहकों की बढ़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

दीपावली त्योहार को लेकर स्थानीय मिशन मैदान में पटाखा एसोसिएशन द्वारा 60 दुकानें लगाई गई हैं। सोमवार से प्रारंभ दुकानें शुक्रवार तक लगेंगी। पटाखों की आकर्षक वैरायटी की वजह से ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग पटाखा खरीदने मिशन मैदान पहुंचने लगे हैं। सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्र, फायर ब्रिगेड, पानी, रेत की बोरियां, लाइट, पार्किंग, चौकीदार की व्यवस्था की गई है। सेंट्रल पाइंट में 60 फीट का गलियारा छूटा हुआ है। सुरक्षा के मद्देनजर पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया गया है।



पटाखा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सुखी कोटवानी, कोषाध्यक्ष राजकुमार हिरानी, उपाध्यक्ष संजय धामेचा, सचिव अफजल ने बताया कि सभी दुकानों में नई वैरायटी की पटाखा फुलझड़ी, अनारदाना, चकरी, मुर्गा छाप, फुलझड़ी, छोटा एटम बम, रोशनी, चिटपटी, रंगीन माचिस, चिंगारी, राकेट, सुतली बम, हंटर, माला, ग्राउंड स्पिनर, स्पार्कलर, फ्लावर पाट एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। ग्राहकों की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। हर दुकान के सामने रेत की बोरी, पानी की बाल्टी रखी गई है। दुकानों के बीच अंतराल रखा गया है। फायर सेफ्टी नियमों का पालन किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी एडवायजरी व मानक का पालन हो रहा है।

## फुसेरा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिर्री

ग्राम पंचायत फुसेरा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने किया। क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से एवं केंद्र तथा राज्य सरकार की योजना अंतर्गत विधायक निधि से कार्य स्वीकृत हुआ है। प्राथमिक शाला स्कूल में रंगमंच निर्माण 2 लाख, इंदिरा चौक के पास रंगमंच निर्माण 2 लाख, हाईस्कूल परिसर में सीसी रोड निर्माण 5 लाख, ढीमरपारा में 2 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनेगा।

इस अवसर पर लोकेश साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, पूजा साहू सरपंच, करण लाल बंजारे ग्राम समिति प्रमुख, तुलसीराम भीमो उपसरपंच, डॉ योगेंद्र साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष हाईस्कूल फुसेरा, सविता लहरी, प्रमिला साहू, साधना साहू, पुष्पा साहू, देववती कामडे, हेमलाल यादव, चमेली नेताम, सोमलता साहू, राजेश साहू, ओमप्रकाश साहू, भोजराम लहरी, दुखुराम नेताम, शिवप्रसाद तारक, परदेशी राम साहू, सुरेश तारक, नोहर लहरी, नरेंद्र नेताम, मधुसूदन वर्मा, शेखर कामडे उपस्थित थे।

## गुरुवार को दीपावली मनाना शास्त्र सम्मत : पं. शिवप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

कार्तिक अमावस्या गुरुवार को दोपहर 3 बजकर 6 मिनट से शुरू हो रही है, जो दूसरे दिन शुक्रवार की शाम 5 बजकर 8 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। आचार्य पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार की रात अमावस्या तिथि नहीं होगी। ऐसे में गुरुवार को ही दीपावली मनाना श्रेष्ठ है।

इस साल दीपावली के त्योहार को लेकर संशय की स्थिति है।



इस समस्या का निदान करते हुए आचार्य शिवप्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि दीपावली का त्योहार कार्तिक अमावस्या की रात में मनाया जाता है। अमावस्या की गोधुलि बेला का भी विशेष महत्व होता है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अमावस्या की तिथि गोधुलि बेला से पहले समाप्त हो जाएगी। रात में अमावस्या तिथि नहीं है। ऐसे में गुरूवार को ही त्योहार मनाना उचित है। शुक्रवार को श्रद्ध दिवस है। इस दिन कोई भी त्योहार मनाना उचित नहीं है।

उन्होंने बताया कि अन्नकूट का उत्सव 2 नवंबर शनिवार को मनाना शास्त्र सम्मत है। 3 नवम्बर को भाईदूज का पर्व मनाना श्रेष्ठ है। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को नरक चतुर्दशी मनाना शास्त्र सम्मत है।

## गोकुलपुर में हुई भगवान धन्वंतरि की पूजा

**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड में भगवान धन्वंतरि की विधि-विधान से पूजा की गई। सभी के निरोग की भगवान से कामना की गई। मौके पर वैद्यराज प्रेमचंद देवदास, रामेश्वर गंगबेर, राजेंद्र यदु, किशनचंद यदु, पवन यदु, विजय साहू, रामेश्वर साहू, बाबूलाल साहू, रामबिशाल सोनकर, श्रीमती गीता साहू, श्रीमती राधा यादव, श्रीमती हेमलता देवदास, विद्यारानी देवदासी, मुरारी निषाद, मोहित राम, गजेंद्र विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।



जलने के बाद
पुन:निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग



4 रात व 5 दिन Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

ना कोई ऑफर है, ना ही कोई उपहार है...
बस विश्वास और शुद्ध ज़ेवर ही हमारा आधार है...
शुभ धनतेरस एवं दीपों का महापर्व दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान्यवर,
इस खुशियों के त्यौहार दीपावली में आपके लिए
आपके बजट का थोड़ा सा हिस्सा कम करने हम लाये हैं
3% का फ्लैट डिस्काउंट
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों की खरीदी में..
ना मजदूरी में ना बनवाई में
सीधा टोटल में 3% का डिस्काउंट
वर्षो से आपकी सेवा में सदैव तत्पर



दाऊ दुकान
श्री शिवम् ज्वेलर्स
सोना एवं चांदी के फैंसी आभूषणों के विक्रेता
श्रीराम कॉम्पलेक्स, मठमंदिर चौक, जगन्नाथ मंदिर बाजू गली, धमतरी (छ.ग.)
फोन : 07722-232970, मो. : 98931-77222